# जिले में 1743.57 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव

लखनऊ में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले मंगलवार को खीरी के द सेटेडल कम्युनिटी हॉल में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। समिट में 64 उद्यमियों ने 1743 .57 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव रखा। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन व जिला उद्योग केंद्र की ओर से आयोजित इस समिट में शहर के प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने निवेशकों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने अन्य व्यापारियों से भी निवेश करने की अपील की। कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार निवेश को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

**64** उद्यमियों ने दिए प्रस्ताव, लगेंगी कई औद्योगिक इकाइयां

- केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने यूपी में हो रहे निवेश में उद्यमियों का जताया आभार

**इन्वेस्टर्स समिट**

लखीमपुर, संवाददाता। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी, सदर विधायक योगेश वर्मा, विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी, डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल सिंह ने दीप जलाकर की। उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने इन्वेस्टर्स समिट के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन लखीमपुर व जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से एक दिवसीय निवेशक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र ने कहा कि घर से लेकर समाज, प्रदेश, देश तभी आगे बढ़ता है, जब वह आर्थिक रूप से ताकतवर हो। 2014 में जब केंद्र में सरकार बनी तब देश की क्षमताओं को पहचानते हुए किस तरह देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जाए और विश्व के प्रमुख देशों में विशेष स्थान बनाया जाए इसके प्रयास शुरू हुए। सरकार ने आर्थिक क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए जीएसटी, नोटबंदी, बैंक करंसी कोड, जन धन योजना जैसे प्रमुख कदम उठाए। आज भारत निरंतर हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कोविड काल में प्रधानमंत्री ने आपदा को अवसर में बदलने का मंत्र दिया इसके सार्थक परिणाम आज सभी के सामने है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि इन निवेशों से लगभग 5919 लोग लाभान्वित होंगे। अगले महीने लखनऊ में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 से पहले जिला स्तर पर निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले में आयोजित समिट में लखीमपुर खीरी को 1743.57 करोड़ रुपये के 64 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।



शहर के द सेटेडल कम्युनिटी हॉल में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। इसमें केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी मौजूद रहे।

## इन कंपनियों ने दिए निवेश के प्रस्ताव

1. जुआरी इन्वियन बायो एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड : 200 करोड़
2. ग्लोब्स स्प्रिटीस लिमिटेड : 200 करोड़
3. डीसीएम श्रीराम लिमिटेड : 120 करोड़
4. श्री श्याम डेयरी : 05 करोड़
5. गुरु मेहर इंटरप्राइजेज : 50 करोड़
6. खीरी मोहन स्वीट्स : 100 करोड़
7. गिरिराज डेयरी : 150 करोड़
8. स्वधा मिल्क प्रोडक्ट्स : 50 करोड़
9. श्याम मिल्क प्रोडक्ट्स : 02 करोड़
10. गोविन्द प्रसाद डेयरी : 50 करोड़
11. ईवरइन्वीरो रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड बायो सीएनजी प्लांट 86.52 करोड़
12. डीसीएम श्रीराम लिमिटेड 15 टीपीडी सीजीबी प्रोजेक्ट : 130 करोड़
13. कार्बन सर्किल प्राइवेट लिमिटेड- सीसीपीएल बायो सीएनजी प्लांट : 50 करोड़
14. सिफा कालेज आफ मेडिकल साइंस : 02 करोड़
15. दुधवा हर्बस : 05 करोड़
16. लखीमपुर राइस इंडस्ट्री : 15 करोड़
17. रीस्टल पैनल प्राइवेट लिमिटेड : 25 करोड़
18. राधेकृष्ण टिम्बर प्रोडक्ट्स : 20 करोड़
19. विश्वकर्मा एसी पार्ट्स 05 करोड़
20. साल्सर बैगेज पाटिकल प्राइवेट लिमिटेड : 50 करोड़
21. विम्बा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड : 50 करोड़
22. लखीमपुर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड : 25 करोड़ व 30 करोड़
23. जिन्जरली प्राइवेट लिमिटेड 15 करोड़
24. वल्ट्रान बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन विनय ग्रीन रिजार्ट 30 करोड़ व विनय ग्रीन सिटी 25 करोड़
25. इको टूरिज्म एंड फेयर ट्रेड : 20 करोड़